मैनिट भोपाल में “आउटकम बेस्ड एजुकेशन एवं एक्टिव पेडागॉजी” पर संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन

भोपाल, 16 जून 2026:

मौलाना आजाद राष्ट्रीय संस्थान (मैनिट), भोपाल में 16-18 जून 2026 “आउटकम बेस्ड एजुकेशन एवं एक्टिव पेडागॉजी” विषय पर संकाय विकास कार्यक्रम (Faculty Development Programme - FDP) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षण-अधिगम पद्धतियों को अधिक प्रभावी बनाना, शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षताओं को सुदृढ़ करना तथा गुणवत्ता आधारित शिक्षा के मानकों जैसे NBA प्रत्यायन एवं NIRF रैंकिंग के अनुरूप परिणामोन्मुख शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मैनिट भोपाल के निदेशक प्रो. के.के. शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में उच्च शिक्षा में नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तथा विद्यार्थियों के अधिगम परिणामों को मापनीय बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में डॉ. सुषमा गुप्ता, डीन (फैकल्टी वेलफेयर) सहित संस्थान के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य विशेषज्ञ वक्ता डॉ. संजय अग्रवाल, डीन (अकादमिक एवं अनुसंधान) एवं विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (NITTTR), भोपाल, तथा डॉ. आर.के. कपूर, प्रोफेसर, NITTTR भोपाल रहे।

अपने व्याख्यान में डॉ. संजय अग्रवाल ने आउटकम बेस्ड एजुकेशन (OBE) की आवश्यकता, उसके प्रभावी क्रियान्वयन, शिक्षण-अधिगम मूल्यांकन, पाठ्यक्रम विकास तथा प्रत्यायन प्रक्रियाओं के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा एवं संस्थागत उत्कृष्टता के लिए नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर विशेष जोर दिया।

वहीं डॉ. आर.के. कपूर ने एक्टिव पेडागॉजी, पाठ्यक्रम विकास, शैक्षणिक तकनीकों तथा शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से अधिक प्रभावी शिक्षण के लिए प्रेरित किया।

यह संकाय विकास कार्यक्रम शिक्षकों के लिए समकालीन शिक्षण पद्धतियों को समझने, शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने तथा विद्यार्थियों के अधिगम अनुभव को सुदृढ़ करने हेतु एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की उपयोगिता एवं विशेषज्ञों के मार्गदर्शन की सराहना की।

यह आयोजन मैनिट भोपाल की शैक्षणिक उत्कृष्टता, गुणवत्ता संवर्धन तथा संकाय क्षमता विकास के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।